तापमान

अधिकतम 16 .8 डिग्री
न्यूनतम 10 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

**रोहतक**, मंगलवार, 30 जनवरी 2024



10 सवा करोड़ की लागत से डिफेंस कॉलोनी बांध रोड का होगा निर्माण




10 योजनाओं पर सही ढंग से काम न करने वाले ....



## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर में घुसकर 14 हजार रुपये उड़ाए

**यमुनानगर।** जगाधरी की रूप नगर कॉलोनी में चोरों ने एक घर में घुसकर 14 हजार की नकदी चोरी कर ली। रोहित ने बताया कि वह रात को काम से लौटने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गया था। सुबह जब वह जागा तो उसकी पेंट की जेब से पर्स गायब था। जिसमें चार हजार रुपये थे। कुछ देर बाद उसकी दादी ने उसे बताया कि उसके कमरे से भी ट्रंक में रखे 10 हजार गायब हैं।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है। कोड़वा खुर्द के बलजिंद्र सिंह ने 28 जनवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुरेंद्र ने ट्यूबवेल से स्ट्राटर व बिजली की तारें चोरी करने का कार्य किया है।

# निगम कर्मियों ने फूंका निगमायुक्त का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

समान काम समान वेतन के एरियर को लेकर निगम कर्मचारियों का आंदोलन सोमवार को 17 वें दिन में प्रवेश कर गया। इस दौरान कर्मचारियों ने निगम आयुक्त का पुतला फूंककर विरोध जताया। निगम कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता उनका आंदोलन जारी रहेगा।

- समान काम समान वेतन के एरियर न मिलने के विरोध में निगम कर्मचारियों का आंदोलन जारी

सोमवार को आंदोलन के 17वें दिन निगम कर्मचारी नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान प्रवेश प्रोचा के नेतृत्व में इकट्ठे हुए। मंच संचालन नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा से सह सचिव रमेश कुमार टोडरपुर द्वारा किया गया। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला प्रधान प्रवेश परोचा ने कहा कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर निगम यमुनानगर में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। निगम प्रशासन आंदोलन को कुचलना चाहता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ संघ के कई दौर की चर्चा हुई परंतु चर्चा उपरांत स्थानीय प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को ठोस आश्वासन न देकर कर्मचारियों के साथ वायदा खिलाफी की गई। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। नगर पालिका कर्मचारी संघ के कोषाध्यक्ष गुलजार अहमद व कार्यालय सचिव सोरन धलोढ ने कहा क यदि समय रहते कर्मचारियों का समान काम समान वेतन का एरियर जल्द ही कर्मचारियों के खाते में नहीं पहुंचा तो संघ आंदोलन तेज करेगा। जिसकी जिम्मेवारी स्थानीय प्रशासन की होगी। इसके उपरांत हड़ताल जैसा फैसला भी लिया जा सकता है।



यमुनानगर के निगम कार्यालय के बाहर निगम आयुक्त का पुतला फूंकते कर्मचारी।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुखीजा का हाल-चाल जाना

## आरोपियों ने घेर कर किया था जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एंव समाजसेवी अशोक सुखीजा पर जानलेवा हमले हमला करने के वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी और किसी भी आरोपी को बक्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल देर शाम को अशोक सुखीजा के निवास स्थान पर उनका हालचाल जानने के लिए खासतौर पर पहुंचे थे। ज्ञात रहे कि विगत दो दिन पहले सेक्टर-14 कृष्णा मंदिर के समीप मंदिर के बाहर दो गुटों में हो रही मारपीट को छुड़वाने के लिए श्री सुखीजा गए थे, लेकिन जब वे बीच में गए तो आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

- आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने के आदेश एसपी को दिए

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए। इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गौंदर, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोडिनेटर जगमोहन आनंद, संजय मदान सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा का हाल चाल जानते हुए।

# पिता और पुत्र तिरंगा वीर की उपाधि से सम्मानित

## बदहाल हो चुके 103 राष्ट्रीय ध्वजों को उतार कर अपने पास रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मां भारतीय रक्त वाहिनी संस्था द्वारा सोनीपत में तिरंगा सम्मान संकल्प के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें यमुनानगर निवासी कृष मेहता छिब्बर व उनके पिता संजीव मेहता छिब्बर को तिरंगा वीर की उपाधि से सम्मानित किया गया। पिता-पुत्र ने मिलकर अभी तक बदहाल हो चुके 103 राष्ट्रीय ध्वजों को उतार कर अपने साथ रखा हुआ है। जल्द ही उन तिरंगों को निगम कमीश्नर को सम्मान के साथ सुपुर्द किया जाएगा। सम्मान के साथ यमुनानगर पहुंचने पर पिता-पुत्र का स्वागत किया गया। डाक्टर संजीव मेहता छिब्बर ने बताया कि लोग घरों और दफ्तरों पर राष्ट्रीय ध्वज तो लगा लेते हैं। मगर जब तिरंगा फट जाए, बदहाल हो जाए या उसका रंग फीका पड़ जाए। इसके बाद भी तिरंगें को नहीं उतारते। जिससे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता है।



यमुनानगर निवासी संजीव मेहता व उसके लड़के कृष मेहता को तिरंगा वीर की उपाधि से सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

### ऑटो से खंडित ध्वज उतारने के बाद शुरू हुई मुहिम

छिब्बर ने बताया कि इस मुहिम की शुरुआत संस्था के संस्थापक व सचिव प्रेम गौतम ने एक ऑटो रिक्शा से खंडित ध्वज उतारने के बाद शुरू की। जिसके बाद सैकडों तिरंगा वीर जुड़े ओर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में इस मुहिम की शुरूआत हुई। सोनीपत के तिरंगा वीरों ने 15 जून 2022 से इस मुहिम की शुरुआत की थी। जिसके तहत अब तक 7163 राष्ट्रीय ध्वजों को उतारा है ।

### ठेकेदार की कार तोड़ कर पांच लाख लूटे

**पानीपत।** पानीपत जिले के समालखा कस्बे की महावटी रोड पर ठेकेदार राजबीर निवासी गांव पट्टीकल्याणा की फॉर्च्यूनर कार पर लाठी डंडे बरसा कर क्षतिग्रस्त कर दिया और कार के अंदर रखे पांच लाख लेकर फरार हो गए। ठेकेदार राजबीर की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने गांव पट्टीकल्याणा निवासी अंकित उर्फ कांचा, शुभम उर्फ नोनू, चक्षु, साहिल, पपला खाती, मोनू व इनके आठ-नौ साथियों पर केस दर्ज किया है। राजबीर ने बताया कि उनका महावटी रोड पर मकान बन रहा है, 27 जनवरी की रात को वे अपने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे थे, इस दौरान आरोपी भी वहां पर आ गए और गंडासी, कुल्हाड़ी, रॉड, बिंडे, डंडे व अन्य हथियारों से उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर अंदर रखी पांच लाख रूपये की राशि उठा कर ले गए।

# फर्जी तरीके से बनाया पासपोर्ट, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

फर्जी तरीके से डॉक्यूमेंट्स तैयार करा पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है। इसमें गांव थम्बड के 3 युवक भी शामिल हैं। थाने में सुरक्षा एजेंट की शिकायत पर मुख्य आरोपी समेत 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभन्नि धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

सुरक्षा एजेंट बलजीत सिंह ने बताया कि उसे सूचना मिली कि श्याम आहूजा ने गांव थम्बड़ का स्थाई निवासी न होते हुए गांव के पता पर फर्जी दस्तावेज तैयार करा अपना पासपोर्ट बनवा लिया है। पुलिस के मुताबिक श्याम आहूजा का पासपोर्ट बनवाने में गांव थम्बड के आरूष व उदयवीर की मिलीभगत रही। इसमें पासपोर्ट तस्दीक बारे गवाही देकर यह पासपोर्ट बनवाया है। गांव के अरुण कुमार उर्फ सचिन ने श्याम आहूजा के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए हैं। जबकि श्याम आहूजा नाम का कोई भी व्यक्ति गांव थम्बड में नहीं रहता। पुलिस ने आरोपी श्याम आहूजा, आरुष, उदयवीर व अरुण उर्फ सचिन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पानीपत में डेढ़ किग्रा चरस सहित दो काबू

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस की टीम ने जीटी रोड पर बोलेरो कार सवार दो नशा तस्करों को मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम चरस बरामद हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपियों की शिनाख्त प्रवीन पुत्र दयानंद निवासी दीपालपुर व अंकित पुत्र अशोक निवासी राजलूगढ़ी जिला सोनीपत के रूप में हुई। आरोपियों से ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ प्रवीन कुमार की मौजूदगी में मादक पदार्थ बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में मुकदमा दर्ज करवाया गया और पूरे मामले की जानकारी लेने के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया।




## खबर संक्षेप

### ऐतिहासिक रही आप की जींद रैली

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी की जींद में आयोजित बदलाव जनसभा ऐतिहासिक रही । ये बात आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कही। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में अगली सरकार आप की बनेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर मलिक व नीलम प्रणामी आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार भरतरिया के निधन पर जताया शोक

**समालखा।** आरएसएस के मुखपत्र पांचजन्य के कार्यकारी सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र भरतरिया के निधन पर पानीपत के पत्रकारों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए भगवान से ज्ञानेंद्र की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जगत में अपनी सेवाएं देने वाले देश के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र भरतरिया ने शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि नई दिल्ली के एस्कॉर्ट अस्पताल में अंतिम सांस में ली।

### बीजेपी के निवर्तमान पार्षद ने की मारपीट

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड-16 में बीजेपी के निवर्तमान पार्षद अतर सिंह रावल ने अपने बेटे प्रदीप के साथ मिल कर अपने ही वार्ड के विकास नगर निवासी रोहताश को परशुराम धर्मशाला में बेहोश हो जाने तक पीटा। रावल का आरोप है कि रोहताश प्रापर्टी आईडी बनवाने की दलाली करता है, उन्होंने उसका विरोध किया तो उसने अपशब्द कहे। इधर, दोनों पक्षों ने हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दी है।

### कुत्ते ने दो को काट कर घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के सिद्धार्थ नगर में पडोसियों के पालतू कुत्ते ने बुजुर्ग महिला 70 वर्षीय रतनी देवी व इनके रिश्तेदार भानू सिंह पर हमला बोल दिया। भानू सिंह व पडोसी ने कडे प्रयास कर कुत्ते को पकड़ा। इस दौरान कुत्ते ने रतनी देवी के शरीर पर 19 बार काटा, जबकि भानू सिंह के भी कई जगह काटा। परिजनों ने रतनी देवी व भानू को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।

### फायरिंग में बाल-बाल बचे तीन परिजन

**पानीपत।** पानीपत के गांव जीतगढ़ निवासी धर्मेंद्र, इसके पिता राज सिंह व चाचा राममेहर के घर के बाहर गाड़ी सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में तीनों बाल बाल बच गए। बदमाशों ने आवाज देकर धर्मेंद्र को घर से बाहर बुलाया था। वहीं धर्मेंद्र के साथ उसके पिता राज सिंह व चाचा राममेहर भी घर के बाहर आ गए, कार सवार बदमाशों ने इनके साथ गाली-गलौज की। वहीं जब धर्मेंद्र ने बदमाशों की वीडियो बनानी चाही तो उन्होंने फायरिंग की।

### हर गांव में लगेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में टीबी मुक्त जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए की गांव स्तर पर लोगों के हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाएं ताकि लोग बीमारी के प्रति जागरूक हों।

परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री ने रिबन काटकर की इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत

# यमुनानगर जिले को मिली पांच इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

पहले चरण में मिली पांच बसें, बाद में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाकर की जाएगी पचास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के जगाधरी बस स्टैंड पर पूजा अर्चना के बाद इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करते परिवहन मंत्री व अन्य। फोटो: हरिभूमि

जिला यमुनानगर को सरकार द्वारा पांच इलेक्ट्रिक बसों की सौगात दी गई है। परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूल चंद शर्मा जगाधरी बस स्टैंड पर रिबन काटकर की इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत की। पहले चरण में जिले को पांच इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं। बाद में बसों की संख्या को बढ़ाकर 50 किया जाएगा। एक सप्ताह तक बस सेवा नगर वासियों के निशुल्क होगी। इसके बाद बस का किराया भी 10 रुपये से 50 रुपये के बीच में होगा।मंत्री मूल चंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत प्रदेश के नौ शहरों में की जा रही है। प्रदेश में 375 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी गई है जोकि प्रदूषण रहित है। पहले चरण में पानीपत और यमुनानगर नगर निगम में यह बसें चलाई जा रही है। इसकी शुरुआत रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत के बस अड्डे से की है। इस बस सिटी सर्विस के लिए सरकार द्वारा जेबीएम कंपनी के साथ 12 साल का समझौता हुआ है। इस समझौते में सरकार 12 साल में 2450 करोड़ रुपये खर्च करेंगी। बस के सभी खर्चे कम्पनी द्वारा किए जाएंगे, परंतु परिचालक हरियाणा रोडवेज का होगा। मौके पर जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार,सीइओ जिला परिषद नवीन आहूजा, हरियाणा सिटी बस लिमिटेड के एसीओ अशोक बंसल पूर्व आईएएस, सीओओ एसपी परमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका,भाजपा नेता देवेन्द्र चावला आदि मौजूद थे।

#### प्रदेश में करीब 4150 बसों का बेड़ा

परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा रोडवेज का यात्रियों के प्रति विश्वास बढ़ा है। देश के किसी भी प्रदेश में हरियाणा रोडवेज जैसी सुविधा नहीं दी जाती। रोडवेज में काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की दिक्कतों का समाधान तुरंत किया जा रहा है। जिस भी अधिकारी की प्रमोशन डयू है उसे तुरंत किसी विलम्ब के उनकों दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों हरियाणा रोडवेज में 1350 बसें शामिल की गई थी, बहुत सी बसें कंडम हो गई थी, अब नई बसों को डिपो में भेजा गया है। अब प्रदेश में करीब 4150 बसों का बेड़ा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा रोडवेज में 3500 ड्राइवर व कण्डक्टरों की भर्ती और इसके अतिरिक्त 1500 भर्ती एचकेआरएन के तहत की गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा रोडवेज में प्रतिदिन करीब 11 लाख यात्री 11 लाख किलोमीटर की यात्रा करते है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बस का किराया भी 10 रुपये से 50 रुपये के बीच में होगा। यमुनानगर में 1 से 5 किलोमीटर के लिए 10 रुपये, 5 से 8 किलोमीटर के लिए 15 रुपये तथा 8 से 20 किलोमीटर के लिए 20 रुपये किराया चार्ज किया जाएगा।



यमुनानगर के रादौर स्थित सरकारी कॉलेज में आयोजित प्रदर्शनी में मॉडल दिखाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

■ आकर्षक मॉडलों ने जीता अतिथियों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में सोमवार को फ्री थिंकर्स दिवस पर कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान प्रदर्शनी सेल की प्रभारी प्रोफेसर रितु बेनीवाल ने किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कंप्यूटर विज्ञान का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किए। इनमें वायरलेस एनर्जी स्टेशन, वॉइस जीपीटी, एंटी एक्सीडेंट ब्रेकिंग सिस्टम यूजिंग आई ब्लिंक, रिजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम व स्मार्ट स्टिक शामिल थे। प्रतियोगिता में नीतीश व तरुण की टीम प्रथम, हर्ष व निकिता की टीम द्वितीय व हिमांशी, खुशी, हार्दिक व रिया की टीम तृतीय स्थान पर रही। निर्णायकों की भूमिका प्रोफेसर संजीव गांधी, प्रोफेसर गौरव, प्रोफेसर ममता ने निभाई।

प्राचार्या चंचल रानी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि पैदा होती है जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। मौके पर प्रोफेसर राजेंद्र कुमार, प्रोफेसर सतपाल व प्रोफेसर दीपक आदि मौजूद थे।

# विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे किया जागरूक, नशा न करने की शपथ दिलाई

■ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हुआ जागरूक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को जागरूक करते ब्यूरो के उपनिरीक्षक। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निर्देशन में शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए दो प्रकार से कार्य कर रही है। प्रथम नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना, उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाना और ऐसे अपराधियों को नजर बंद करना आदि। दूसरे रूप में युवा पीढ़ी और बच्चों को नशे के दुष्परिणाम बताकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना। उन्होंने कहा कि अज्ञानता के कारण अनेक युवा नशा तस्करों के चंगुल में फंस जाते हैं। जिससे वह अपना कैरियर बर्बाद कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले लोगों की समाज में कोई इज्जत नहीं करता है। इसलिए, हमें नशा नहीं करना है और समाज व अपने देश को आगे लेकर जाना है।

# कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरु नानक खालसा कॉलेज ने किया कब्जा

■ तवलीन को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के गुरुनानक खालसा कॉलेज की विजेता क्रिकेट टीम अपने प्राध्यापकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के छह छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और इंटर यूनिवर्सिटी कैंप के लिए चुने गए।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित एक रोमांचक फाइनल मैच में खालसा कॉलेज की टीम ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए 50 रनों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हासिल की। टीम ने अनुकरणीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए कुल 195 रन बनाए। तवलीन ने शानदार शतक के साथ मोर्चा संभाला। जिसमें रोहन राज ने 58 रन और विशाल राणा ने 32 रन का योगदान दिया। तवलीन के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज दोनों का खिताब मिला। प्रिंसीपल डॉ.हरिंदर सिंह कंग ने क्रिकेट टीम की उपलब्धि पर बहुत गर्व व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों के समर्पण, टीम वर्क और असाधारण खेल कौशल की सराहना की और कॉलेज और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय दोनों को गौरवान्वित करने की उनकी क्षमता पर प्रकाश डाला। डॉ.बोधराज, डॉ.रणजीत सिंह ने छात्रों के बीच समग्र विकास को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व पर जोर दिया। मौके पर डॉ.कमलप्रीत कौर, वाइस प्रिंसीपल डॉ.संजय विज, डॉ.जोशप्रीत सिंह, प्रो.कंवलप्रीत सिंह, प्रो.शिव, प्रो.अरुण व प्रो.अनुरोध आदि मौजूद थे।

# घर-घर कांग्रेस के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जा रही है भाजपा की सच्चाई : सैनी

■ गांव कमालपुर में कांग्रेस ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर के गांव कमालपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

कांग्रेस पार्टी की ओर से सोमवार को गांव कमालपुर में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हल्का रादौर विधायक डॉ.बिशन लाल सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

विधायक बिशन लाल सैनी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा-जजपा सरकार द्वारा प्रदेश में काले कारनामे व विकसित भारत जन संकल्प यात्रा की सच्चाई जनता तक पहुंचाई जा रही है। उस यात्रा के बारे में कांग्रेस पार्टी घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस कार्यक्रम के तहत लोगों को उस बारे अवगत कराएगी। भाजपा द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा हैं। लोगों को बहकावे में डाला जा रहा है और जनता को यात्रा का कोई भी फायदा नजर नहीं आ रहा है। उल्टा सरकारी कर्मचारी, पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम, एसडीओ व जेई आदि को विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए दबाव डाला जाता है। जिस कारण सरकारी दफ्तरों में कोई भी सरकारी कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। लोगो को सरकारी दफ्तरों में जाकर अपने काम न होने की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुभाष सरपंच कमालपुर, जब्बार कमालपुर, बसेसर नाथ आदि ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर बरखा राम पांसरा, मुस्तफा पोसवाल दौलतपुर, उमेश बुबका, विशाल सैनी, संजू धौलरा, कर्मसिंह नाचरौन, राजकुमार औरंगाबाद, जोनी बैनीवाल, सौरव बुबका, रोशन कांसापुर आदि मौजूद थे।

# ई-श्रम पोर्टल असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में सुधार की सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के जिला सचिवालय स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते जिला उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण शुरू किया गया है। ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। जिला उपायुक्त सोमवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदुर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए बनाया गया है। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा।जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे,

# आप के कार्यकर्ता पार्टी के सच्चे सिपाही: त्यागी

■ जींद में उमड़े जन सैलाब से विपक्ष चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आम आदमी पार्टी के नेता ललित त्यागी ने कहा कि जींद में पार्टी की बदलाव जनसभा से विपक्ष चिंतित हो गया है। जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया कि प्रदेश की जनता मनोहर सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। सोमवार को ललित त्यागी अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। त्यागी ने कहा कि जींद में उमड़े जन सैलाब ने दिखा दिया कि हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ हरियाणा की जनता खड़ी है। 2024 में दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बदलाव जनसभा में केजरीवाल एक लाख जीरो बिजली के बिल लेकर पहुंचे। इसकी पूरे हरियाणा में चर्चा है। दिल्ली में जनता को फ्री बिजली मिल रही है। पंजाब में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की सरकार लाकर अपने बिजली के बिल को जीरो करवाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में 664 मोहल्ला क्लिनिक चल रहे हैं। जबकि 125 बनकर तैयार हैं। इनमें अबतक एक करोड़ से ज्यादा लोग फ्री इलाज की सुविधा ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के एक एक कार्यकर्ता पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। हरियाणा के हरेक घर तक अरविंद केजरीवाल की नीतियों को पहुंचाने का काम करेंगे।

### आप की जींद में आयोजित रैली रही कामयाब : शास्त्री

**रादौर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की ओर से जींद में आयोजित रैली बेहद कामयाब रही है। रैली के माध्यम से आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से विपक्षी पार्टियों में खलबली मची हुई है। उन्होंने रैली को कामयाब बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आप द्वारा किए गए विकास कार्यों से घबरा गई है। जिस कारण वह दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को झूठे मामलों में फंसाना चाहती है। भाजपा राज में हर वर्ग परेशान है। वहीं आम आदमी पार्टी ने पंजाब में युवाओं को पक्की नौकरियां देने का काम किया है। प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर युवाओं को पक्की नौकरी के साथ-साथ शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क दी जाएगी।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का हुआ सम्मेलन

# आक्रोश रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड स्थित कार्यालय में आयोजित मीटिंग में भाग लेते यूनियन पदाधिकारी।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला स्तरीय कन्वेंशन संघ कार्यालय दशहरा ग्राउंड में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान नरेंद्र कांबोज ने की व संचालन जिला सचिव प्रेम प्रकाश ने किया। बैठक में कर्मचारियों को चार फरवरी को रोहतक आयोजित होने वाली आक्रोश रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया।

कन्वेंशन को संबोधित करते आए राज्य चेयरमैन कृष्ण शर्मा, एसकेएस जिला प्रधान महिपाल सौदे, जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को दो वर्ष के आधार पर नियमित करना, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करना, हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड भंग करने, विभागों की पुरानी वेतन विसंगतियों का समाधान करने व अन्य मांगो को लेकर पीडब्ल्यूडी बीएंडआर,पब्लिक हैल्थ व इरिगेशन विभाग के कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की 4 फरवरी को रोहतक आक्रोश रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। अगर फिर भी सरकार बातचीत के माध्यम से मांगो को लेकर कोई समाधान नही करती तो कर्मचारी केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए एक फरवरी से 12 फरवरी तक सभी ब्रांचो की कन्वेंशन करके 15 फरवरी को पंचकूला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग व सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया जायेगा। 21फरवरी निदेशक पंचायत विभाग, 28 फरवरी को सड़क व भवन निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया जायेगा। मीटिंग में वरिष्ठ प्रधान नरेंद्र कांबोज, पवन शर्मा, अश्वनी, मेवा राम, सुरेंद्र काला, रमेश, कमल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### ये हैं मुख्य मांगें

कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने। पुरानी पेंशन बहाली पुरानी एक्सग्रेसिया पॉलिसी बहाल करवाना। खाली पदों को पदोन्नति तथा नियमित भर्ती से भरवाने। कौशल रोजगार निगम को भंग करवाने। निजीकरण पर रोक लगवाने, तीनों विभागों के सेवा नियमों व वेतन विसंगतियों को दूर करवाने। कैनाल गार्ड, गेज रीडर व मेट को तृतीय श्रेणी का दर्जा दिलवाने। टर्म अप्वायंटी को कौशल रोजगार निगम से बाहर निकलवाकर समान काम समान वेतन दिलवाने। कनिष्ठ अभियन्ता के सेवानियमों में संशोधन करवाने। जन स्वास्थ्य विभाग से स्थानांतरित स्कीमों को वापिस विभाग में शामिल करवाने।

## खबर संक्षेप



### बेरोजगारी बढ़ने से युवा अंधकार में : स्वीटी रंगा

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि भाजपा जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आमजन परेशान है और चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। चुनाव में कांग्रेस का चयन करके ही वह इस भ्रष्ट तंत्र से मुक्ति पा सकता है। स्वीटी रंगा आज हल्का के गांव सलपानी, अजराना खुर्द और धुराला में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही थी।

### कर्मचारी कल्याण संघ का अधिवेशन आयोजित

कुरुक्षेत्र। गुर्जर समाज कर्मचारी कल्याण संघ हरियाणा ने अपना पहला अधिवेशन एक निजी होटल में आयोजित किया। कार्यक्रम में हरियाणा के कौने-कौने से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य समाज के विकास और कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ावा देना है।

### विवेकानंद विचार प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कुरुक्षेत्र। भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव और रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के साहित्य की प्रदर्शनी सह बिक्री मोबाइल बस वैन रामकृष्ण मठ पुणे महाराष्ट्र से चलकर भारत भ्रमण करते हुए हरियाणा में पहुंची है। इसका उद्देश्य स्वामी जी के शक्तिदायी विचार युवाओं तक पहुंचाना है।

### सामान्य विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विवि के जियोलॉजी विभाग की ओर से केयू फैकल्टी लॉज में मंगलवार को सामान्य विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। केयू जियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नरेश सागवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 11 बजकर 30 मिनट पर होगा जिसमें केयू फैकल्टी ऑफ साइंस के अंतर्गत 10 विभागों की टीमें भाग लेंगी।

## भाकियू चढ़ूनी के बैनर तले पिहोवा किसान रेस्ट हाउस हुई बैठक

# अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा नही मिलने पर किसानों में रोष

**2014 में अंबाला हिसार हाईवे के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी अभी तक मुआवजा नहीं मिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाकियू चढ़ूनी के बैनर तले पिहोवा किसान रेस्ट हाउस में किसानो की जरूरी मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान जोगिंदर काजल व इस्माइलाबाद ब्लॉक प्रधान गुरनाम चम्मू ने की। मीटिंग में पिहोवा हल्का के सैंकड़ो किसानों ने शिरकत की। प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि 2014 में अंबाला हिसार हाईवे के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी किंतु पिहोवा के किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिला जिस कारण किसानो का तकरीबन 80 करोड़ रुपये का मुआवजा पैंडिंग है जबकि अंबाला व कैथल दोनों सीमावृति जिलो का पूरा मुआवजा किसानों को मिल चुका है केवल पिहोवा के किसानो का मुआवजा लंबित है।



कुरुक्षेत्र। रोष जताते किसान। फोटो : हरिभूमि

**बैठक में ये रहे मौजूद**

इस मौके पर आईटी सेल अध्यक्ष जरनैल मल्ली, शहरी प्रधान गौरव कुमार, सुखविंदर वडैच, करतार दंदयान, दर्शन सिंह पूर्व सरपंच, हरजीत विर्क, अमरजीत विर्क, जोधा वड़ैच, सुरेंद्र पाल सिंह, अमृतपाल सैनी, ज्ञान सिंह, सुरजीत सिंह, प्रतीक संगवान ठोल, बलिन्द्र सिंह,राज दुलार, सुरेंद्र सिंह पूर्व सरपंच, राजकुमार शर्मा, हरिंदर सिंह, भरपूर सिंह, सुरेंद्र सिंह सोढ़ि, सुरजीत उप्पल, प्रीत महिम्द्र सिंह, पवन सेठी सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

गांव धनीपुरा के पूर्व सरपंच दर्शन सिंह ने बताया कि पिहोवा के किसान इस मामले में अनेकों बार सरकार व प्रशासन से गुहार लगा चुके है किंतु किसी भी स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही। इससे इलाके के किसानों में भारी रोष है। प्रिंस वडैच ने कहा कि सरकार में हल्के का मोजूदा विधायक व मंत्री होने के बावजूद पिहोवा के किसानों की सुनवाई नहीं हो रही। जिसका कारण शायद हल्का विधायक व मंत्री द्वारा इलाके की मजबूती से पैरवी ना करना है। अब किसानो ने 9 फरवरी तक का अल्टीमेट सरकार को दिया है। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि सरकार व प्रशासन अगर 9 फरवरी तक किसानों से बातचीत करके किसानों का मुआवजा जारी नहीं करती तो किसान बड़ी संख्या में अजरावर बस अड्डे पर इक्कठा होंगे और कोई बड़ा फैंसला लेंगे।

# रक्त संयोजकों को दिया बेनिसन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। रक्त संयोजक को सम्मानित करते अतिथिगण।

नेशनल सोशल आगेर्नाईजेशन ने 100वां रक्तदान शिविर लगाया और इस अवसर पर पूरे भारतवर्ष से आए रक्त संयोजकों को बेनिसन अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमैन जितेंद्र नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इमरजेंसी में जो भी जरूरतमंद को रक्त की सहायता पहुंचाता है उन सभी संयोजको को आज बेनिसन अवॉर्ड दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी कप्तान मीनू बेनीवाल पहुंचे और विशेष अतिथि हरियाणा रेडक्रॉस के सेक्रेटरी मुकेश अग्रवाल, एवरस्टर मनीषा पायल, डॉ नवीन नैन रहें। कप्तान मीनू बेनीवाल ने संस्था को 100 रक्तदान शिविर करने पर बधाई दी और सभी रक्त संयोजकों का हौंसला बढ़ाते हुए भविष्य में इसी प्रकार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कप्तान साहब ने कहा कि समाज में इसी तरह से हमें सहयोग करना चाहिए और एक बेहतर समाज का निर्माण हम करें। प्रदेशाध्यक्ष जयवीर कुंडू ने जानकारी दी कि इस अवसर पर 76 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसको सिविल हॉस्पिटल कुरूक्षेत्र व करनाल के टीम ने एकत्रित किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग श्रीफ्यूल्स कुरुक्षेत्र व एचडीएफसी बैंक का रहा। जिन्होंने रक्तदाताओं के लिए रिफ्रेशमेंट का प्रबंध किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सदस्य प्रदीप मेहला, पंकज शर्मा,कुलदीप प्योंत आदि रहे।

### छात्रों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विवि के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों ने सोमवार को विवेकानंद हाल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना। स्कूल के छात्रों ने बहुत उत्साह व धैर्य के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों द्वारा परीक्षा को लेकर उनके मन में जो प्रश्न है उन प्रश्नों पर प्रधानमंत्री के उत्तरों को सुना। परीक्षा के अंतिम समय में दबाव के कारण लिखावट सही ना होना तथा परीक्षा में अपने दोस्तों के समान अच्छे अंक लेने का दबाव सहित अन्य प्रश्नों के जवाबों को सुनकर छात्रों के मन में जो दुविधा थी वह दूर हुई।

## प्रियंका का असिस्टेंट जियोलॉजिस्ट के पद पर चयन होने से जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विवि के जियोलॉजी विभाग की एमएससी बैच 2015-2017 की छात्रा प्रियंका का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट जियोलॉजिस्ट तकनीकी पद पर हुआ है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने चयनित छात्रा प्रियंका एवं विभागाध्यक्ष सहित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह विभाग के साथ-साथ केयू के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के होनहार विद्यार्थी शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान सहित अन्य क्षेत्रों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी चयनित छात्रा प्रियंका व विभाग के शिक्षकों को बधाई दी। इस मौके पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि रोजगार के क्षेत्र में जियोलॉजी विभाग की प्लेसमेंट हमेशा लगभग शत-प्रतिशत रही है। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षकों ने चयनित छात्रा को बधाई दी।

# पुण्यतिथि गायत्री महायज्ञ के साथ मनाई

- ब्रह्मलीन स्वामी गणेशानंद गिरि एवं स्वामी कृष्णानंद की पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आज श्री कृष्ण धाम परिसर में ब्रह्मलीन त्यागमूर्ति स्वामी गणेशानंद एवं स्वामी कृष्णानंद जी की पुण्यतिथि आश्रम के महंत महामंडलेश्वर 1008 स्वामी प्रेमानंद जी महाराज व्याकरण वेदांताचार्य जी महाराज के सानिध्य में गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर मनाई गई। महायज्ञ के मुख्य यजमान नरसिंह गोयल करनाल धर्मपत्नी बिमला गोयल परिवार सहित रहे। इस अवसर पर महायज्ञ में आहुति महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद, महामंडलेश्वर डा. स्वामी प्रेमानंद हरिद्वार, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक महंत बंशी पुरी जी महाराज, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत , अरुणाय मंदिर के महंत विश्वनाथ पुरी, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत सर्वेश्वरी गिरि, स्वामी रंगनाथ पुरी, महंत सूयार्नंद सरस्वती इगराह, महंत लाल गिरि,महंत घनश्याम पुरी हिमाचल, वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक इत्यादि ने गायत्री महायज्ञ पूर्ण आहुति में भाग लिया और ब्रह्मलीन स्वामी गणेशानन्द जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। गायत्री महायज्ञ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा करवाया गया। महायज्ञ में आश्रम के विजय सभरवाल, कृष्ण धमीजा, सुभाष जांगड़ा, राजेंद्र भार्गव, इंद्रराज फोजी, ओमी लाल, दीपक महाराज ट्रस्टी, सतबीर सिंह, जगदीश शर्मा, राजकुमार पिंडारसी, रामपाल शास्त्री, कुलदीप चौधरी चेयरमैन इत्यादि शामिल रहे।

### केयू राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उपविजेता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि संस्थान ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय, लुधियाना पंजाब द्वारा गत सप्ताह आयोजित तृतीय प्रो. बसंत कुमार शर्मा मेमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2024 में रनर-अप ट्रॉफी जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयों की 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व संस्थान के छात्र दिव्यांश, अर्श शर्मा एवं असीम गर्ग की टीम ने किया। इस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर-अप टीम का पुरस्कार प्राप्त करके द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रो. सुशील चौहान ने विजेता टीम तथा उनके माता-पिता को बधाई दी।

# आदेश का प्लास्टिक सर्जन विभाग रोगियों को दे रहा विशेष सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रोगियों को प्लास्टिक सर्जरी के बारे में बताते डा. ए.जयंथि माला।

मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का प्लास्टिक व बर्न विभाग अस्पताल में आने वाले रोगियों को विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। सोमवार को प्लास्टिक सर्जन विभाग की अध्यक्षा डा. ए.जयंथि माला ने रोगियों का जांचा भी और अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी व बर्न से सम्बंधित विशेष जानकारी भी दी। डा. ए.जयंथि माला ने कहा कि आदेश अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी के तहत अंगों के पुनर्निर्माण, आग व केमिकल से जलने वाले रोगियों को उपचार, चेहरे व जन्म से ही अंगों के विकारों को प्लास्टिक सर्जरी से ठीक किया जाता है। इसके अलावा इंफेक्षन, सडक हादसे में लगी चोट व जख्म आदि के निशान को भी प्लास्टिक सर्जरी से ठीक किया जाता है। डा. ए.जयंथि माला ने बताया कि बच्चों के कटे-फटे होंठ, चिपके हुए तालु, पलकों की विकृति, नाक की सर्जरी, स्तन कैंसर की सर्जरी की सुविधा भी विशेष रूप से दी जा रही है। अगर ऐसे रोगी आदेश में उपचार करवाते हैं तो चोट व जख्मों के निशान को प्लास्टिक सर्जरी से बिल्कुल ठीक कर दिया जाएगा।




कुरुक्षेत्र। नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी रीना वाल्मीकि को स्मृति चिह्न भेंट करते कार्यकर्ता।

### बैठक में संगठन की मजबूत करने के लिए की चर्चा

- राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बैठक हर जिले में की जाएगी : रीना वाल्मीकि

कुरुक्षेत्र। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन के निर्देशानुसार संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक राजस्थान के जिला बीकानेर मे आयोजित की गई। इसमें राजस्थान की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी रीना वाल्मीकि विशेष तौर पर पहुंची और संगठन को मजबूत करने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ चर्चा की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नंदलाल जावा सहित लोकसभा प्रत्याशी मदन गोपाल मेघवाल, विधानसभा प्रत्याशी यशपाल गहलोत, राजस्थान के पूर्व चेयरमैन मकसूद अहमद, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मेराज खान भाटी के अतिरिक्त काफी संख्या मे कांग्रेस कार्यकताअरं ने 2024 के पार्लियामेंट चुनाव के लिए रणनीति बनाते हुए विस्तृत चर्चा की। रीना वाल्मीकि ने बताया कि बहुत जल्दी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बैठक हर ब्लॉक में हर जिले में की जाएगी।

# पार्टी के घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान को लोगों का मिल रहा भारी समर्थन: तेजिंदर चीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह चीमा के नेतृत्व में सोमवार को विशाल जनसभा आयोजित की गई। गुमथलागढ़ू के निकट एक निजी पैलेस में हुई इस जनसभा में पूरे विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकताअरं ने हिस्सा लेकर घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत अपनी ताकत दिखाई। कार्यक्रम सांसद दीपेंद्र हुड्डा के आह्वान पर रखा गया था लेकिन और मौके पर उनके बाहर होने के चलते उनकी तरफ से तेजिंदर चीमा ने अभियान का संदेश कार्यकताअरं तक पहुंचाया। चीमा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। हाई कमान ने भी प्रत्याशियों का चयन करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित तमाम बड़े नेताओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है। चीमा ने कहा कांग्रेस पार्टी की सभी नीतियां जनता के हित में हैं। पार्टी के घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जाति धर्म मजहब से ऊपर उठकर देश का भला चाहने वाली कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है। जो लोगों की तकलीफ को समझ सकती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा जजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है। हरियाणा में भारी बेरोजगारी के कारण युवा विदेशों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। केंद्र सरकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए तेजिंदर चीमा ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा हलकावार जन-आक्रोश रैलियां की जा रही हैं, जिन्हें लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब ह्यहर घर कांग्रेसह्न अभियान के जरिए वोटर्स से वन-टू-वन संवाद किया जाएगा। रैली में पंजाबी कलाकारों ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर बलविंदर सिंह चीमा,पंजाब कांग्रेस सांसद मोहम्मद सदीक, करणजीत सिंह चीमा, दर्शन सिंह चीमा, सिमरन भिंडर, अमरीक सिंह भिंडर, कुलवंत सिंह भट्टी, विक्रम वड़ैच आदि रहे।




कुरुक्षेत्र। क्यूआरएस नैचरोपैथी क्लीनिक में मरीजों का चैकअप करती डा. हरविन्द्र कौर व मौजूद नेता संदीप गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### निःशुल्क हेल्थ कैंप में की लोगों के स्वास्थ्य की जांच

- अगर व्यक्ति का स्वास्थ्य सही है तो वह कोई भी कार्य कर सकता है : संदीप गर्ग

कुरुक्षेत्र। कुरूक्षेत्र के सेक्टर सात के क्यूआरएस नैचरोपैथी क्लीनिक में दो दिवसीय निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कैम्प का शुभारंभ किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य जब तक ठीक है तब तक उसे कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से भी स्वस्थ बनेगा हल्का लाडवा अभियान के तहत लगभग 52 गांवो में निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प लगवाए जा चुके हैं ताकि कोई व्यक्ति बीमार न हो और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। वहीं क्लीनिक की संचालिका डा. हरविन्द्र कौर ने बताया कि कैंसर, सर्वाइकल, कमर दर्द, हार्ट मरीज, घुटनों के दर्द, अनिद्रा, नसों की चक्रण के अलावा सभी बीमारियों के लिए यह दो दिवसीय कैम्प लगाया गया।

# भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाया

- समाचार पत्र समाज का आइना है जो समाज में होने वाले कुरीतियों को उजागर उनमें सुधार करने का कार्य करता है : राजेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सैनी को सम्मानित करते विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ। फोटो : हरिभूमि

किडजी , किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 में भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर फायर एंड सेफ्टी कुरुक्षेत्र के निदेशक राजेंद्र सैनी, विनोद अरोड़ा, प्रदीप यादव, तरूण अरविंद्र सिंह, राजिंद्र सिंह, ऋषिपाल राणा विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर राजेंद्र सैनी ने कहा कि समाचार पत्र समाज का आइना है जिसके द्वारा हम एक नजर में देश-विदेश का भ्रमण कर सकते हैं। समाज में होने वाले कुरीतियों को उजागर करके समाज सुधार करने के कार्य में भी समाचार पत्र अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने बताया कि यह दिन भारतीय समाचार पत्रों और उनके महत्व को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 1684 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना की लेकिन भारत का पहला समाचार पत्र निकालने का श्रेय भी जेम्स आगस्टस हिकी नामक एक अंग्रेज को प्राप्त है, जिसने वर्ष 1780 में बंगाल बजट का प्रकाशन किया था। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीआरओ कुमारी रुचिका, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मेघा, सहसंचालिका सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा एवं पूजा मौजूद रहे।

## 9वीं हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का हुआ समापन

# खेलों से होता हैं शारीरिक व मानसिक विकास

- प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

ताइक्वांडो सपोर्ट एशोसियेशन हरियाणा द्वारा मेडिटेशन हॉल ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र पर आयोजित दो दिवसीय 9वीं हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का समापन हुआ, जिसमें ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं बार काउंसिल पंजाब व हरियाणा के डिसीप्लिनरी कमेटी के कॉप्टिड सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि इस कंप्यूटर के युग में बच्चे मोबाइल व टच स्क्रीन जैसे उपकरणों का करते हैं तो आलसी हो रहे हैं ऐसे में खास तौर पर इस खेलने और ताइक्वांडो जैसी कला को सिखाना हमारे लिए बहुत जरूरी है जिससे हमारी मानसिक थकावट में तो खत्म होते ही है और हम ताजगी भी महसूस करते हैं । इस तरीके की कला और खेल हमें शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत बनाते हैं । एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि खेलों को अच्छी इरादे व खेल भावना के साथ खेला जाना चाहिए क्योंकि आप एक जोरदार हिट किसी की हड्डी तोड़ सकता है इसलिए कला का प्रदर्शन गंभीरता और आनंद के साथ किया जाना चाहिए। प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने कहा कि खेल मुख्य रूप से जीवन का हिस्सा है जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलों में भाग लेने व पदक लाने वाले बच्चे अपने जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं। स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में इस तरीके की कला और खेल अतिरिक्त पाठयक्रम गतिविधियों में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। ताइक्वांडो सपोर्ट एशोसियेशन हरियाणा के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथियों को शॉल उड़ाकर व समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हरियाणा संगठन के कोषाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया 9वीं हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 27-28 जनवरी 2024 में कुरुक्षेत्र के अंदर आयोजित हुई, जिसमे पूरे हरियाणा के विभिन्न स्कूलों से लगभग 180 के करीब एथलीटस ने भाग लिया। इस टूनार्मेंट में कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने प्रथम ट्रॉफी, रोहतक के छात्रों को द्वितीय तथा फरीदाबाद के छात्रों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ताइक्वांडो सपोर्ट एशोसियेशन के कोषाध्यक्ष संजय पटियाल, सेक्रेटरी प्रभाकर शर्मा, कुरुक्षेत्र के कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, वाइस प्रेसिडेंट अवतार सिंह, हरियाणा के विभिन्न जिलों से कोच, प्रशिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# सवा करोड़ रुपये की लागत से डिफेंस कॉलोनी बांध रोड का होगा निर्माण

## बांध रोड का निर्माण सेना और राज्य सरकार मिलकर कर रही: गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में डिफेंस कॉलोनी कच्चे बांध रोड को पक्का करने का काम शुरू हो गया है। इसके निर्माण पर सवा करोड़ रुपये खर्च आएगा। गृहमंत्री अनिल विज ने सोमवार को इसका शिलान्यास करते हुए कहा कि यह पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें सेना और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं। इससे पहले डिफेंस कॉलोनी गुड सिटीजन वेलफेयर सोसायटी और कैंटोनमेंट बोर्ड अधिकारियों ने मुख्यअतिथि अनिल विज व स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर रणजीत सिंह को स्मृति चिंह व शॉल भेंटकर अभन्निदन किया। यहां अपने संबोधन में विज ने कहा कि पहले डिफेंस कॉलोनी उनके विधानसभा क्षेत्र में नहीं थी। जैसे ही यह क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में आया तो उन्होंने यहां जो भी कार्य उनके संज्ञान में लाए गए उन्हें करवाया। उन्होंने कहा कच्चे बांध रोड को पक्का करने के कार्य पर लगभग सवा करोड़ रुपये की राशि खर्च



होगी। इसमें 50 लाख रुपये की राशि उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से तथा 75 लाख रुपये की राशि कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बांध के बनने से कॉलोनी के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। कॉलोनी में नालियां, गलियां, सड़कें, स्ट्रीट लाईटों के साथ-साथ अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं, सीवरेज का कार्य भी यहां पर करवाने का काम किया जा रहा हैं।




विज ने कहा कि 500 करोड़ रुपये की लागत से अंबाला छावनी जीटी रोड पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शहीदों को समर्पित शहीदी स्मारक बनाने का काम किया जा रहा है। आजादी की पहली लड़ाई छावनी से शुरू हुई थी। इस स्मारक को बनाए जाने के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। हर मंच से यहां पर स्मारक बनाए जाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि छावनी के चारों तरफ 6 लेन की रिंग रोड बन रही है जोकि डिफेंस कॉलोनी के बल्किुल नजदीक होगी।

अंबाला-साहा रोड जोकि एक्सीडेंट रोड होती थी वहां पर आज फोर लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया गया हैं। अत्याधुनिक चिकत्सिा सुविधाओं से युक्त छावनी का नागरिक अस्पताल, अटल कैंसर केयर सेंटर, होम्योपैथिक कॉलेज, फीफा से अप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम, ऑल वैदर स्वींमिग पूल, जम्रिास्टिक हॉल समे कई ऐसी योजनाएं जिनका नर्मिाण पूरा हो चुका है। इससे पहले डिफेंस कॉलोनी गुड सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि का स्वागत किय। सोसायटी के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल एमएस मेहला ने सोसायटी द्वारा जनहित के लिए किए जा रहे कार्यों से विज को अवगत करवाया। मौके पर कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ विनित लौटे, मंडल प्रधान किरण पाल चौहान, प्रधान अजीत नरवाल, उप प्रधान सब मेजर जयवीर सिंह, सचिव रणजीत सिंह, संयुक्त सचिव हंस राज राणा, कोषाध्यक्ष आरके शर्मा, रोहित शर्मा, रणधीर, राज सिंह, मनोनीत सदस्य अजय बवेजा, रवि सहगल, शैली खन्ना, विकास चौहान, राजकुमार राजा, भोला विज, रामबाबू यादव, दीपक ओबराय, भारत कोछड़, जग्गी कलरहेड़ी, अनुज यादव भी मौके पर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ

**अंबाला।** जिला रेडक्रास सोसाइटी द्वारा राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन में पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को कैंप में प्रशिक्षण लेकर समाजिक गतिविधियों से जुडने का मौका मिलता है।

### भरे जाएंगे ग्रामीण चौकीदारों के पद

**अंबाला।** जिला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय अंबाला-वन के तहत 14 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण चौकीदारों के पद निकाले गए हैं। कोई भी व्यक्ति इन पदों के लिए आवेदन कर सकता हैं। उन्होंने बताया कि खंड अंबाला में ग्राम पंचायतों के तहत ग्रामीण चौकीदार के लिए भरे जाने हैं।

### दो फरवरी तक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जाएगा

**अंबाला।** रोजगार विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार 29 जनवरी 2024 से 2 फरवरी 2024 तक प्रदेशभर में शैक्षणिक संस्थानों में एक विशेष व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इस सप्ताह के दौरान रोजगार कार्यालय की व्यवसायिक मार्गदर्शन शाखा द्वारा वद्यिार्थियों को उनके कैरियर से संबंधित व्यवसायिक मार्गदर्शन देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### चोरी प्रयास का आरोपित दबोचा

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज मक्सिचर मशीन चोरी करने की नीयत के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। फडौली के हरनेक सिंह ने 28 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3-4 लडकों ने गांव फडौली के सरकारी ट्यूबवेल से मक्सिचर मशीन को चोरी करने की कौशिश करने का अपराधिक कार्य किया है।

### अंबाला: पंचायत भवन में रक्तदान शिविर एक को

**अंबाला।** जीवन में अनमोल काम, जीते जी रक्तदान से प्रेरित जनसेवा आरोग्य केंद्र द्वारा 1 फरवरी को अंबाला शहर के पंचायत भवन में स्वर्गीय रामजी दास चावला की याद में सुबह10 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। संस्था के प्रधान सतीश चावला ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज होंगे।

### शंभू टोल प्लाजा से मिले शव का हुआ पोस्टमोर्टम

**अंबाला।** शंभू टोल प्लाजा के पास खेतों से मिले रिटायर्ड कर्मचारी के शव का सोमवार को चिकत्सिकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। जांच में परिजनों ने बताया कि मृतक रवद्रिं कन्निर नहीं था। उसे सर्फि गाने बजाने का शौक था। मूल रूप से फरीदाबाद के रहने वाला रविंदर राजकीय रेलवे पुलिस से रिटायर्ड होने के बाद अंबाला शहर में कालका चौक के पास पिछले 6 साल से धर्म की बहन के पास रहता था। रविंदर शनिवार देर शाम को घर जाने की बात कहकर घर से निकला था।

## बेरहमी से किया था ट्यूबवेल ऑपरेटर का कत्ल, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी

# हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से खफा ग्रामीणों ने लगाया जाम

12 दिन पहले तेजधार हथियारों से हमला कर युवक की हुई थी हत्या, अभी तक पुलिस नहीं पकड़ पाई किसी आरोपी को, ग्रामीणों ने 6 फरवरी तक आरोपितों को पकड़ने का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा





बराड़ा। पॉवर हाउस के समक्ष रोड पर बैठे ग्रामीण तथा ग्रामीणों को समझाते डीएसपी अनिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

बेरहमी से कत्ल किए गए ट्यूबवेल ऑप्रेटर हरचरण सिंह की कातिलों की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों को बराड़ा-शाहाबाद रोड जाम कर दिया। गांव उगाला के मंगलपुरा के रहने वाले हरचरण सिंह की कुछ रोज पहले बेहरमी से हत्या कर दी थी। अभी तक इस मामले में पुलिस किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ पाई। ग्रामीणों को जाम से पहले पुलिस को अल्टीमेटम दिया था। करीब साढ़े 12 बजे ग्रामीणों ने मुख्य रोड पर पावर हॉउस के समीप जाम लगा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। 12 दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारोपियो का कोई सुराग नहीं लगा है। जाम की वजह से मुख्य सड़क पर यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो गया। सड़क से गुजरने वाले छोटे बड़े वाहन जाम में फंस गए। मृतक के चचेरे भाई हरपाल सिंह ने कहा कि जब भी पुलिस को इस मामले के बारे में पूछा जाता है तो सर्फि आश्वासन ही दिया जाता है। हत्यारों का अभी तक कोई सुराग नहीं है। अभी तक किसी को यह भी नहीं पता कि आखिर हत्यारे कौन है? हरचरण सिंह की हत्या क्यों की गई। एसपी को मौके पर बुलाने पर अड़े ग्रामीण: हरचरण सिंह के हत्यारों का सुराग न लगा पाने की वजह से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति गहरा रोष दिखा। मुख्य सड़क पर बैठे ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक एसपी मौके पर नहीं आएंगे तब तक वे जाम को नहीं खोलेंगे। जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गुलशन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे।

उसके बाद डीएसपी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने जल्द हत्यारों को पकडने का आश्वासन दिया। लगभग डेढ घंटे के बाद ग्रामीण जाम खोलने के लिए राजी हुए। मौके पर मौजूद इकबाल बाजवा, रामस्वरूप उगाला ने बताया कि इस हत्याकांड से उनके बाजीगर समाज में गहरा रोष है। 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इसी कारण से उन्हें जाम लगाना पड़ा। उन्होंने बताया कि बातचीत के बाद लोगों ने पुलिस को 6 फरवरी तक का समय दिया है। अगर पुलिस इस गुत्थी को नहीं सुलझाती तो फिर वे सड़क जाम करेंगे। बता दें कि हरचरण सिंह उर्फ गोल्डी की 17 जनवरी की रात को तेजधार हथियार से हत्या की गई थी। गोल्डी का शव गांव के ट्यूबवेल पंप से कुछ दूर श्मशान घाट में खून से लथपथ मिला था। पुलिस ने हरचरण सिंह के संपर्क में रहे कुछ लोगों से पूछताछ की लेकिन हत्या से जुड़ा कुछ नहीं निकला। गोल्डी की किसी के साथ कोई दुश्मनी भी नहीं थी। उसके पिता की 20 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। गोल्डी परिवार का इकलौता सहारा था। अब उसके घर में मां, पत्नी और 6 माह की बच्ची है।

### निरंतर जांच जारी

ट्यूबवेल ऑपरेटर हरचरण सिंह की हत्या के अरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस निरंतर जांच-पड़ताल कर रही है। पीड़ित परिवार व ग्रामीणों द्वारा सडक़ पर जाम लगाया गया था। अरोपियों का शीध्र पता लगा सलाखों के पीछे धकेलने के आश्वासन के बाद ग्रामीण जाम खोलने हेतू राजी हो गए हैं।

-अनिल कुमार, डीएसपी, बराड़ा



### नारा लेखन प्रतियोगिता में पूनम प्रथम

**नारायणगढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर महावद्यिालय में आईक्यूएसी के तत्वाधान में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के तहत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभन्नि कक्षाओं के वद्यिार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट ऐट वर्क प्लेस रहा। वद्यिार्थियों ने संबंधित विषय पर आधारित, आकर्षक एवं अर्थपूर्ण स्लोगन बनाए जिसकी प्राचार्य ने सराहना की और वद्यिार्थियों को महावद्यिालय में होने वाली ऐसी सभी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा, डॉ. सीमा राणा ने वद्यिार्थियों को संबंधित विषय की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों प्रो. रेणु कुमारी तथा प्रो. देवेन्द्र धींगरा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम तथा केशव, द्वितीय स्थान पर रितिकेश, एवं त्रितीय स्थान पर सलोनी रही। विजेता वद्यिार्थियों को प्राचार्या द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नर्णिायक मण्डल की भूमिका प्रो. जोगा सिंह, प्रो. अनिल सैनी एवं प्रो. रीमा संधु ने निभाई।



### सीएम आज चुनावी कार्यालय का करेंगे उद्घाटन

**अंबाला।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल अंबाला में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए मंगलवार को पहुंचेंगे। यहां वर्चुअल माध्यम से सभी दस लोकसभा चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया जाएगा। सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने सैक्टर-10 जिला भाजपा कार्यालय में पहुंचकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया। राणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहर सेक्टर-10 जिला भाजपा कार्यालय में पहुंचेंगे। उनके साथ गृहमंत्री अनिल विज भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल चुनाव को लेकर अंबाला लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। साथ ही प्रदेश के बाकी नौ लोकसभा कार्यालयों का भी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.30 बजे अंबाला पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में अंबाला लोकसभा की सभी नौ विधानसभा से भी मुख्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि अंबाला लोकसभा में नौ विधानसभा आती हैं। इन सभी विधानसभा से चुनाव जीते, चुनाव लड़े व्यक्ति, चेयरमैन, प्रमुख पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री व कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस के साथ अपना मुकाबला नहीं मानती। कांग्रेस के लोग भी भाजपा के साथ अपने आपको मुकाबले में कहीं समझ ही नहीं रहे हैं इसलिए कांग्रेस की चुनाव को लेकर कोई तैयारी भी नहीं है।



### नशे के खिलाफ किया जागरुक

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो की ओर से सोमवार को पसियाला के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय पसियाला में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में 177 वद्यिार्थियों ने भाग लिया। वद्यिार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित और दूसरा अप्रतिबंधित। दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि वशि्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष देश में 17 लाख लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। केवल धुम्रपान के कारण प्रत्येक 4 सेकेंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा हरियाणा स्टेट नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है।




### शिक्षा से ही सामाजिक बदलाव संभव

**बराड़ा।** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा प्रधानमंत्री के विशेष कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के उपरांत राजकीय उच्च वद्यिालय मानकपुर में छात्रों की शिक्षा और कैरियर से संबंधित जानकारी दी गई। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की जिला कोऑर्डिनेटर हेमलता ने वद्यिार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शक्षिा मनुष्य और समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ, और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शक्षिा हमें व्यक्तिगत और सामाजिक उद्धार के लिए मदद करती है। शक्षिा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय, और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि शक्षिति लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं। सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के उद्धार में योगदान करते हैं। स्कूल सर्वजीत सैनी, गुरप्रीत सिंह, मीनाक्षी शर्मा, गुरजीत कौर व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# हथीरा ने करधान की टीम को सात विकेट से हराया

- विधायक रामकरण काला ने युवाओं से खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव उगाला में बीबा ब्वॉयज क्रिकेट क्लब द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सुरेश थिंद व मनप्रीत महरोक की अगुवाई में आयोजित किए गए इस से क्रिकेट टूर्नामेंट में पंजाब और हरियाणा की कुल 12 टीमों ने हस्सिा लिया। कलब द्वारा आयोजित किए गए टूर्नामेंट में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए शाहाबाद मारकंडा के विधायक रामकरण काला, किसान यूनियन प्रदेश प्रधान गुरनाम सिंह चढ़ूनी, जिला परिषद मेंबर जसवद्रिं सिंह, मेंबर सुखविंदर सिंह, नंबरदार सुखदेव सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में दुखेड़ी, यारा, सुभरी, हथीरा, जोली, रादौर, मुलाना, चुरा, उगाला, कुरावाला, सालारपुर व कराधान की टीमों ने हस्सिा लिया। फ़ाइनल मैच हथीरा व कराधान की टीमों के मध्य खेला गया। इसमें कराधान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाए जबकि हथीरा की टीम मात्र 3 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इस प्रकार हथीरा के टीम ने कराधान की टीम को 7 विकेट से हराकर क्रिकेट ट्रॉफ़ी अपने नाम कर ली। इस मौके पर विधायक रामकरण काला ने कहा कि इन खेलों की हमारे जीवन में बहुत अहम भूमिका है। खेलों से जहां हमारा शारीरिक विकास होता है वहीं इससे हमारा मानसिक विकास भी होता है। नंबरदार सुखदेव सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि क्लब द्वारा खेलों का यह उठाया गया कदम बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने युवा पीढ़ी को खेलों में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ़ाइनल में विजय प्राप्त करने वाली हथीरा की टीम को 51 हजार, उपविजेता टीम को 31 हजार तथा तृतीय स्थान पर आने वाली टीम यारा को 71 सौ रुपये दिए गए। इसके अलावा मैन ऑफ़ द सीरिज़ 11 हजार रुपये दिए गए। इस मौके पर गुरमीत सिंह वधवा, सुरजीत सिंह कसेरला, राकेश भल्ला, सरपंच महेंद्र सिंह मौजूद थे।



बराड़ा। टूर्नामेंट के विजेता हथीरा के टीम ट्राफी के साथ। फोटो : हरिभूमि

### हिट एंड रन कानून को तुरंत वापस लेने की मांग

**नारायणगढ़।** हिट एंड रन केस में दस साल की सजा व पांच लाख रुपए जुर्माने के कानून को वापिस लेने की मांग को लेकर जिला भर के ड्राइवरों ने एक फिर एकजुट होने का नर्णिय लिया है। 5 फरवरी को उपायुक्त के माध्यम से ये चालक राष्ट्रपति को ज्ञापन देंगे। उनका कहना है कि यदि सरकार ने कानून रद्द नही किया तो देश भर में 16 फरवरी को चक्का जाम कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। सोमवार को सीआईटीयू से संबंधित दि ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के जिला प्रधान रफी मोहम्मद ने कम्यूनिटी हाल में जिला कमेटी की बैठक में कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 (1) ओर (2) में ड्राइवर पर लगाई गई भारी भरकम सजा व जुर्माने को वापिस लेने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान जारी है। इसके लिए सात कमेटियों का गठन किया हुआ है। ये अलग जगहों पर ड्राइवरों से संपर्क कर हस्ताक्षर करवा रही हैं। राज्य कमेटी सदस्य मुनीर व जिला सह सचिव सदीक ने कहा कि इन हस्ताक्षरों का संयुक्त ज्ञापन 5 फरवरी को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। यूनियन के राज्य महासचिव सतीश सेठी व जिला कमेटी सदस्य शीश पाल व हरदीप ने कहा कि सभी चालक वाहन चलाने से पहले अपने इष्ट देवता से प्राथर्ना करते है कि कोई दुर्घटना न हो और वह सुरक्षित अपने घर लौट आएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## राज्यसभा सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# योजनाओं में अनियमितता पाने पर अधिकारियों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जीरो टोलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम कर रहे हैं। इसी तर्ज पर अब जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति लटकी योजनाओं को पूरा करवाने का काम कर रही है। कई योजनाओं में अनियमितता पाए जाने पर शर्मा ने अधिकारियों को फटकार भी लगाई। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा सोमवार को पंचायत भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डॉ. शालीन, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता व जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। शर्मा ने पिछली बैठक के दौरान एजेंडे में रखे गए बिंदुओं पर चर्चा करके उन्हें दुरूस्त करने बारे नर्दिेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी फंड के बारे सही जानकारी न होने के चलते उपायुक्त को चार सदस्यीय कमेटी गठित करने व सुलभ शौचालयों की स्थिति की सही जानकारी देने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जो कल्याणकारी नीतियां एवं योजनाएं क्रियान्वित की गई है उनका लाभ लोगों को मिलना सुनश्चिति होना चाहिए। योजनाओं को क्रियान्वित करने में यदि कोई समस्या आ रही है तो सामंजस्य बनाकर सम्बन्धित विभाग उस कार्य को करे। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने दीन दयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) विषय पर समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारी को कहा कि महिलाओं द्वारा जो उत्पाद तैयार किए जाते हैं उनका जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रचार-प्रसार करवाएं। उन्होंने बैठक के दौरान कई विभागीय अधिकारियों की गैरहाजिरी पर नाराजगी भी जताई। पूछे जाने पर शर्मा ने कहा कि पिछली बैठक के दौरान जिन विषयों पर चर्चा की गई थी, उनकी समीक्षा की गई है। जिन कार्यों में देरी हुई है, उसे दुरूस्त करने के नर्दिेश भी दिए गए। इस दौरान नगर निगम के डीएमसी दीपक सूरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआरओ कैप्टन विनोद शर्मा, जिला खेल अधिकारी राम निवास, डीआईओ अरविंदजीत, कार्यकारी अधिकारी पंचायत विभाग जिले सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, एलडीएम पुनीत कुमार, जिला कल्याण अधिकारी अंजू बंसल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीएफओ पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।



अंबाला। पंचायत भवन में आयोजित मीटिंग के दौरान मौजूद राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व प्रशासनिक अधिकारी। फोटो :हरिभूमि